Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 21-03-2005

Participants : Shandil Dr. (Col.) Dhani Ram

>

Title: Need to provide funds for the Chanshal-Shimla-Solan multi-purpose project of Himachal Pradesh.

डॉ. कर्नल (सेवानिवृत्त) धनीराम शांडिल्य (शिमला) : महोदय, हिमाचल प्रदेश की वर्तमान राजधानी शिमला अंग्रेजों द्वारा बसाई गई और तब बनाई गई पेयजल योजना से मूल रूप से 30 हजार व्यक्तियों को पेयजल प्रदाय किया जा सकता था। शिमला की आबादी शनैः शनैः बढ़ती रही और समय समय पर पुरानी पेयजल योजना के संवर्धन से जैसे तैसे काम चलाया जाता रहा है, लेकिन अब कठिनाई बढ़ती जा रही है।

इससे निपटने के लिए प्रदेश ने एक बहुउद्देशीय जलप्रदाय योजना चांशल-शिमला-सोलन बनाई है, जिसके लिए केन्द्रीय आर्थिक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है। इस योजना की अनुमानित लागत 500 करोड़ रूपए है। इस योजना से 50 लाख की आबादी को पेयजल, एक लाख हैक्टेयर क्षेत्र में पशुओं को पेयजल एवं सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी और लगभग 100 र्वा तक चलने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना से हिमाचल की तस्वीर बदल जायेगी। मेरा आग्रह है कि इसे तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए भारत सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की जाये।

---

* Treated as laid on the Table.